# सेवा से संबंधित प्रमुख प्रतिबद्धताएं

## हमारे बारे में

Employment Plus, The Salvation Army का एक हिस्सा है। यह एक अंतरराष्ट्रीय ईसाई संगठन है जो 1880 से ऑस्ट्रेलिया के लोगों की अलग-अलग सेवाओं के माध्यम से मदद कर रहा है।

## सेवाएं

एक विशेष मेंटर, हमारे साथ जुड़ी पूरी यात्रा के दौरान माता-पिता का साथ देता है। वह उनकी क्षमताओं, आकांक्षाओं और चुनौतियों को समझते हुए, लक्ष्यों की ओर उठाए जाने वाले हर कदम की योजना बनाने, निगरानी करने और उन्हें पूरा करने में सहायता करता है। मेंटर आमने-सामने, ऑनलाइन और टेलीफोन से समर्थन देने के लिए उपलब्ध हैं। हम सीखने के लिए समूह से जुड़ी गतिविधियां कराते हैं, सहकर्मी नेटवर्क प्रदान करते हैं, तथा स्थानीय सेवाओं तक पहुंच को आसान बनाते हैं। हम प्रत्येक माता-पिता की प्रगति की समीक्षा करते हैं और सेवाओं के साथ वे संतुष्ट हैं या नहीं, इसकी भी समीक्षा करते हैं, साथ ही इस संबंध में किसी भी ज़रूरी बदलाव की वकालत करते हैं।

## नतीजे

हम अपनी सेवा को हर माता-पिता की अलग-अलग ज़रूरतों और आकांक्षाओं के हिसाब से ढालते हैं, और उन्हें उनके लक्ष्य हासिल करने में मदद करते हैं। और इसके लिए हम सलाह, स्थानीय सेवाओं से जुड़ाव और वित्तीय सहायता जैसी चीज़ों का सहयोग देते हैं, जिनमें शामिल हैं:

- व्यावहारिक आवश्यकताओं में मदद करना, जैसे कि प्रशिक्षण उपकरण, पालन-पोषण सहायता और परिवहन।
- गुणवत्तापूर्ण स्थानीय सेवाओं तक पहुंच को आसान बनाना।
- शिक्षा और योग्यता से जुड़े लक्ष्य पाने में माता-पिता की मदद करना।
- स्वयंसेवा, शुल्क वाले रोज़गार और करियर की प्रगति को सुरक्षित करने में मदद करना।
- आत्मविश्वास और प्रेरणा को बढ़ावा देना, प्रोत्साहन देना और सफलताओं का जश्न मनाना।
- Parent Pathways उम्मीदवारों के माध्यम से स्थानीय एम्प्लॉयर्स को उनकी कार्यबल की ज़रूरतों को पूरा करने में मदद करना

## जुड़ाव/लिंकेज

हम कई स्थानीय सेवाओं, प्रशिक्षण के विकल्पों और सांस्कृतिक संगठनों के साथ साझेदारी करते हैं और सेवाओं में ज्ञान को साझा करते हैं, जिससे Western Melbourne में विविध समूहों के लिए हमारे समर्थन को मज़बूती मिलती है। हम स्थानीय समुदायों से मेंटर को काम पर रखते हैं और उनके कौशल बढ़ाने के लिए लगातार उन्हें प्रशिक्षण देते हैं।

## सेवा तक पहुंच और संसाधन

हम कई जगहों पर काम करते हैं। जो स्थान सहमति प्राप्त हैं, मेंटर उन स्थानों पर भी माता-पिता से मिल सकते हैं, जैसे कि कार्यस्थल या सेवा बिंदु। हमारी साइटें अनौपचारिक और बच्चों के अनुकूल हैं जिसमें बच्चों के लिए खिलौने और गतिविधियां भी शामिल हैं।

## कार्यबल रणनीति

हमारी टीम में मेंटर्स, एक साइट मैनेजर और एक एंगेजमेंट कोऑर्डिनेटर हैं, जिनमें से हर एक संस्कृति, रोज़गार और योग्यता के मामले में अलग-अलग पृष्ठभूमि से आते हैं। मेंटर और सीनियर मेंटर एक बार में 50 माता-पिता तक का समर्थन करते हैं। साइट मैनेजर स्थानीय संचालन की निगरानी करता है, जबकि एंगेजमेंट कोऑर्डिनेटर यह तय करता है कि स्थानीय सेवा प्रदाताओं का नेटवर्क माता-पिता की ज़रूरतों को पूरा करे। पूरे स्टाफ को लगातार पेशेवर प्रशिक्षण और विकास का सहयोग दिया जाता है।


**मदद चाहिए? हम मदद करने के लिए यहां हैं**

☏ 136 123

www.employmentplus.com.au

# WESTERN MELBOURNE REGION SITE LOCATIONS

| Service Area | Site Address | Type | Opening Hours |
|---|---|---|---|
| Manor Lakes | 86 Manor Lakes Boulevard, Manor Lakes, VIC, 3024 | Outreach | By appointment |
| Werribee | 5 Pine Avenue, Werribee, VIC, 3030 | Full-Time | Monday-Friday, 9am - 5pm |
| Hoppers Crossing | 80 Lonsdale Circuit, Hoppers Crossing, VIC, 3029 | Full-Time | Monday - Friday, 9am - 5pm |
| Altona Meadows | 2 Newham Way, Altona Meadows, VIC, 3028 | Outreach | By appointment |
| Altona North | 7 Plover Drive, Altona North, VIC, 3025 | Outreach | By appointment |

मदद चाहिए? **हम मदद करने के लिए यहां हैं**

136 123

www.employmentplus.com.au